सैनिक स्कूल रीवा में अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का आयोजन

सैनिक स्कूल रीवा के मानेकशॉ सभागार में दिनांक 06 नवंबर 2026 को प्रातः 10:30 बजे अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 117 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ वरिष्ठ अध्यापक डॉ. एन. के. झा द्वारा अभिभावकों के स्वागत के साथ किया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों से उनके सुझाव, विचार एवं शिकायतें प्राप्त की गईं। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा कुछ शिकायतों एवं मांगों पर त्वरित कार्यवाही भी की गई। उदाहरणस्वरूप, अभिभावकों की सुविधा के लिए कैडेट्स के परीक्षा परिणाम की हार्ड कॉपी कक्षा अध्यापकों द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई गई। साथ ही, अभिभावकों के अन्य सुझावों एवं मांगों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। यह भी बताया गया कि इन पर की गई कार्रवाई की जानकारी आगामी अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) में साझा की जाएगी।

बैठक के पश्चात जलपान के दौरान अभिभावकों ने अपने कैडेट्स के सदन प्रभारियों एवं कक्षा अध्यापकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अपने कैडेट्स की शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा परिणाम, प्रदर्शन एवं अनुशासन से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

इस बैठक का उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा कैडेट्स की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक के माध्यम से विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग एवं समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में सार्थक पहल की गई।

फोटो उपलब्धता संबंधी सूचना: सभी अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि वे अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) की तस्वीरें नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

https://drive.google.com/drive/folders/1S-zgSuZWA7LEjgQV5HGxG4NBEFoHkQS6